7 APRIL- CORIYA -BHOOMI-PG-1_Layout 1 4/7/2025 9:08 PM Page 1

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

बिलासपुर, मंगलवार 8 अप्रैल 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

2 धूमधाम से मना रामलला का जन्मोत्सव, विधि-विधान से हुई पूजा-अर्चना



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## जामदुआरी जंगल में गिर सकते हैं पेड़, हादसे की आशंका

# बैकुंठपुर-मनेन्द्रगढ़ हाइवे पर मौत का साया!

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के बैकुंठपुर-मनेन्द्रगढ़ राष्टीय राजमार्ग पर नगर गांव के आगे जामदुआरी जंगल में हादसे को दावत देते पेड़ प्रशासन की लापरवाही को उजागर कर रहे हैं। सड़क किनारे कई पेड़ अपनी जड़ों से उखड़ने की कगार पर हैं, जो कभी भी गिर सकते हैं।

मिट्टी कटाव और बारिश के दौरान भूस्खलन से यह इलाका और भी खतरनाक हो जाता है,इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठे हैं। यह सड़क कोरिया जिले को अंबिकापुर और अन्य बड़े शहरों से जोड़ती है। हर दिन हजारों वाहन यहां से गुजरते हैं, इनमें बसें, ट्रक, एंबुलेंस और आम राहगीर शामिल हैं। तेज हवा चलने या बारिश होने पर इन पेड़ों के गिरने का खतरा और बढ़ जाता है। पिछले कुछ सालों में यहां कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन की सुस्ती बरकरार है। उल्लेखनीय है कि बरसात के मौसम में इस इलाके में भू-स्खलन की घटनाएं आम हैं। मिट्टी का कटाव होने के कारण ⏭ शेष पेज 4 पर



एनएच सड़क के बगल में झूके पेड़।

### विभाग बेपरवाह, लोगों में आक्रोश

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार वन विभाग और एनएच के विभागीय अधिकारियों को इस खतरे से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों की मांग है कि जल्द से जल्द इन खतरनाक पेड़ों को हटाया जाए और भू-स्खलन को रोकने के लिए जरूरी उपाय किए जाएं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो यह इलाका दुर्घटनाओं का हॉटस्पॉट बन सकता है। जरूरत इस बात की है कि वन विभाग और एनएच की संयुक्त रूप से सर्वे कर खतरनाक पेड़ों को हटाने की प्रक्रिया शुरू करें, इसके अलावा सड़क किनारे मिट्टी कटाव को रोकने के लिए भी उचित कदम उठाए जाने चाहिए।

### पत्राचार किया गया है

हमारे द्वारा इस संबंध में वन विभाग को लिखित तौर पर पत्राचार किया गया है। आगे की कार्रवाई वन विभाग को करनी है। यह हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है।

**-मोहन सिंह नागरे**
एसडीओ एनएच

# तीन करोड़ की लागत से बनने वाले सीएचसी का भूमिपूजन

**बैकुण्ठपुर/खड़गवां।** सोमवार को खड़गवां के लिए ऐतिहासिक बन गया, जब क्षेत्र में 3 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के करकमलों से विधिवत मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ।

■ **सर्वाधिक केस हैंडल करता है खड़गवां अस्पताल- श्याम बिहारी**

इस भव्य कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष धरमपाल सिंह श्याम, जनपद अध्यक्ष श्रीमती श्याम बाई, उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह करियाम, खड़गवां सरपंच सुखीत अगरिया सहित जनपद सदस्यगण, सरपंच, भाजपा महामंत्री रमेश जायसवाल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामप्रताप, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती सोनवती उरे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धनंजय पांडेय, जिला उपाध्यक्ष जर्नादन साहू, जिला कोषाध्यक्ष मुकेश जायसवाल, जिला मंत्री अरूणोदय पांडेय, शिवचंद सिंह, अनिल सिंह, कैलाश देवांगन, रूद्र पांडेय, राजकुमार जायसवाल, आशीष गुप्ता सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री श्री जायसवाल ने खड़गवां को स्वास्थ्य के क्षेत्र में और बेहतर सुविधा देने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि साय सरकार जनसेवा के प्रति पूर्णतः समर्पित है और खड़गवां को स्वास्थ्य सुविधाओं का हब बनाने की दिशा में हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। खड़गवां का अस्पताल प्रदेश में सर्वाधिक केस ⏭ शेष पेज 4 पर




भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य मंत्री।

### मितानिनों को डिजिटल प्लेटफॉर्म की सौगात

स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि मितानिन बहनों के लिए अब कार्यों की पोर्टल पर अनिवार्य इंट्री व्यवस्था लागू होगी, जिससे भुगतान में पारदर्शिता बनी रहेगी और समय पर रूपए उनके खातों में पहुंचेगा। उन्होंने मितानिन बहनों को बेहतर सेवा के लिए बधाई भी दी। कार्यक्रम के दौरान सरपंच सुखीत लाल अगरिया और सीएमएचओ अविनाश खरे ने डॉक्टरों के लिए एच एफ और जी टाइप क्वार्टर की मांग रखी, जिसे मंत्री ने स्वीकृति दे दी। मंत्री श्री जायसवाल ने इस अवसर पर कहा कि किसी भी क्षेत्र का प्राथमिक ऑकलन उसकी शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था से किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### पीपीटी परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

**बैकुंठपुर।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा सत्र 2025-26 के लिए प्री-पॉलिटेक्निक टेस्ट (पीपीटी) की अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह परीक्षा प्रदेश के पॉलिटेक्निक संस्थानों में डिप्लोमा कोर्सो में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से शुरू हो चुका है, जो 11 अप्रैल की शाम 5 बजे तक फॉर्म भरे जा सकेंगे। जिन आवेदकों से फॉर्म भरते समय कोई त्रुटि हो जाती है, वे 12 से 14 अप्रैल तक त्रुटि सुधार कर सकेंगे। परीक्षा का आयोजन 1 मई को सुबह 9 से दोपहर 12:15 बजे तक किया जाएगा। यह परीक्षा राज्य के सभी 33 जिला मुख्यालयों में आयोजित होगी। प्रवेश पत्र 22 अप्रैल से व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

### जवानों और बच्चों ने की सायकलिंग



**बिश्रामपुर।** फिट इंडिया मूवमेंट के तहत फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज एवं संडे ऑन सायकल ड्राइव थीम के साथ दसवीं वाहिनी सिलफिली के जवानों और आवासीय कॉलोनी के बच्चों ने रविवार 6 अप्रैल को साइक्लिंग कर फिट रहने का संदेश दिया।दसवीं वाहिनी के सेनानी प्रशांत कतलम ने सायकल यात्रा को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया,इस दौरान कमांडेंट श्री कतलम ने बटालियन के अधिकारी , कर्मचारी एवं आवासीय परिसर के बच्चों का साइकल ड्राइविंग के जरिए आमजनो को फिट रहने हेतु रोजाना कम से कम आंधे घंटे साइक्लिंग करने प्रेरित किया।आयोजन में कंपनी कमांडर भूपेंद्र यादव, पीसी बैगा राम, पीसी शिवजी यादव,एपीसी नरेन्द्र साहू,सीसी आर बी शर्मा, सुशील तिवारी एवं बटालियन के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### साइकिल रैली निकाल लोगों को किया जागरूक



**रामानुजगंज।** खेलो इंडिया योजना के फिट इंडिया पहल के तहत और फिटनेस को हमारी दिनचर्या में शामिल करने के उद्देश्य से आज साइकिल रैली निकाई गई। फिट इंडिया साइकिलिंग के तहत आज सुबह 7.30 बजे संडे ऑन सायकल का कार्यक्रम 12वीं वाहिनी परिसर के मुख्य द्वार से प्रारंभ हुआ। रैली हॉस्पिटल रोड, रिंग रोड, जलकेश्वर रिंग रोड, बुद्धटोला, रंगीला चौक, बस स्टैंड, थाना चौक, भारत माता चौक, गांधी चौक, सेठ मोहल्ला, पहाडी मंदिर चौक होते हुए नगर भ्रमण किया गया। इस बीच लोगों को जागरुक कर 12वीं वाहिनी आवासीय परिसर गेट 02 में समापन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना एवं दैनिक शारीरिक गतिविधियों के बारे में लोगों को जागरूक करना है। इस दौरान सहायक सेनानी बीपी सिंह, निरीक्षक जेके कुजूर, सुबेदार मेजर अलविनुस बड़ा, उमेश मिश्र, सहायक उप निरीक्षक बालम सिंह, एपीसी अरुण तिम्मा, एपीसी दया सिंह मरावी सहित अन्य मौजूद रहे।

# संक्रमित जोन के बाहर पोल्ट्री व्यवसाय करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग पोल्ट्री फार्मर एसोसिएशन कोरिया के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बर्ड फ्लू में छोटे किसानों को राहत व संक्रमित जोन के बाहर छूट देने के समर्थन में कई मांगे रखी।

■ **कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन**

उक्त एसोसिएशन के पदाधिकारियों के द्वारा हस्ताक्षरयुक्त सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कोरिया जिले के बैकुण्ठपुर स्थित शासकीय हेचरी में बर्ड फ्लू की पुष्टि बीते दिनों हुई, इसके बाद प्रशासन की कार्रवाई की सराहना करते हुए एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मांग किया है कि बैकुण्ठपुर शासकीय पोल्ट्री फार्म के संक्रमित क्षेत्र के दायरे में कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि छोटे-बडे पोल्ट्री फार्म में मुर्गे-मुर्गियां तैयार की स्थिति में जिन्हें पांच सप्ताह से अधिक रखना संभव नहीं है,ऐसी स्थिति में संक्रमित जोन के बाहर बेचने की अनुमति प्रदान करें। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि पोल्ट्री फार्म के फीड में भी रोक लगा दिया गया है, स्थानीय फार्मो में हजारों मुर्गे-मुर्गियां पल रहे हैं। यदि फार्मो तक फीड नहीं पहुंचता है तो हजारों की संख्या में मुर्गे-मुर्गियां भूखे मर जाएंगे, इसे देखते हुए फीड गाड़ियों को अनुमति दी जाए।

छोटे-छोटे चिकन दुकानों व फार्मो के खोलने की अनुमति की मांग की गई है ताकि अपनी आजीविका शुरू कर सके। पोल्ट्री फार्म एसोसिएशन ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि वे सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे तथा बर्ड फ्लू को रोकने में पूरा सहयोग करेंगे।

# हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

श्री हनुमान जन्मोत्सव एक विशेष और पावन पर्व है, जो प्रत्येक वर्ष भगवान हनुमान के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर भक्तगण भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना, भक्ति गीतों और धार्मिक आयोजनों में भाग लेकर अपने जीवन को पुण्य से ओत-प्रोत करते हैं।

इस बार श्री हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन 12 अप्रैल को श्री-श्री विजय हनुमान टेकरी (फलाहारी बाबा मंदिर), श्री संकट मोचन धाम सिरौली, श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर स्टेशन रोड, हनुमान मंदिर वार्ड नंबर 12, श्री हनुमान मंदिर नेशनल हाइवे, श्री हनुमान मंदिर खेड़यिा टाकीज तिराहा समेत सभी मंदिरों में किया जाएगा। श्री हनुमान टेकरी में आयोजन का मुख्य आकर्षण भंडारे का होगा, जो शाम 7 बजे से प्रारंभ होगा। इस भंडारे में हर वर्ग के भक्तगण भाग लेकर प्रसाद ग्रहण करेंगे और इस अवसर पर धार्मिक चर्चा एवं भक्ति संगीत का भी आनंद लेंगे। आयोजन का उद्देश्य भगवान हनुमान के जन्म की खुशियों को समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना और उनके आशीर्वाद से सभी को संजीवनी देना है। यह आयोजन न केवल एक धार्मिक उत्सव है, बल्कि समाज में भाईचारे और एकता का संदेश भी देता है। इस संबंध में पंडित चंदन महाराज ने बताया कि श्री हनुमान के जीवन में उनकी असीम भक्ति, शक्ति और साहस की अनगिनत गाथाएं हैं।

उन्होंने भगवान श्रीराम के साथ युद्ध में भाग लिया, समुद्र पार किया, लंका में राक्षसों से लड़ा और श्रीराम के साथ मिलकर धर्म की स्थापना में योगदान दिया। भगवान हनुमान के इस अद्वितीय बल और भक्ति से प्रेरित होकर हम सभी को अपने जीवन में उनके आदर्शों का पालन करना चाहिए। हनुमान जी की उपासना से न केवल हमारी भक्ति में वृद्धि होती है, बल्कि हमें जीवन में साहस, धैर्य और आंतरिक शक्ति भी प्राप्त होती है। हनुमान जी का आशीर्वाद हर संकट से पार पाने के लिए हमारे साथ होता है। इस अवसर पर आपके साथ मिलकर हम भगवान हनुमान की उपासना और भंडारे का आयोजन करना चाहते हैं।



# डीजे कोर्ट में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**बैकुंठपुर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सोमवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैकुंठपुर मो. रिजवान खान के निर्देश एवं मार्गदर्शन में जिला एवं सत्र न्यायालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

न्यायालय में आने वाले पक्षकार न्यायालयीन कर्मचारी, अधिवक्ता एवं न्यायाधीशगणों एवं पैरालीगल वॉलिटियर्स का स्वास्थ्य जांच एवं इलाज किया गया, इसके अतिरिक्त मनेन्द्रगढ़ एवं जनकपुर व्यवहार न्यायालयों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। आयोजन के दौरान अधिवक्ता संघ कर्मचारियों एवं आगंतुक पक्षकारों में काफी उत्साह देखा गया और सभी ने अपना परीक्षण व इलाज कराया और स्वास्थ्य शिविर का लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष मो. रिजवान खान, विशेष न्यायाधधीश आशीष पाठक, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर कुजूर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट साक्षी दीक्षित, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमृता दिनेश मिश्रा, अन्य न्यायाधीश, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बीपी मोहंती, सचिव मृत्युंजय तिवारी, अधिवक्ता संघ के अन्य पदाधिकारी एलएडीसीएस के चीफ अजय कुमार सिंह, विशेष लोक अभियोजक महेश शर्मा एवं आरपी कुशवाहा लोक अभियोजन उपस्थित रहे।

# पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए और पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड़ बैकुंठपुर ने जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया है।

यह प्रकोष्ठ 30 जून तक प्रभावी रहेगा और इसका उद्देश्य ग्रीष्मकाल में पेयजल आपूर्ति को सुचारू रूप से बनाए रखना है। प्रकोष्ठ सुबह 8 से रात्रि 8 बजे तक कार्य करेगा और इसमें प्राप्त शिकायतों का रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा। इस रजिस्टर में प्रतिदिन की शिकायतों का विवरण रखा जाएगा, साथ ही संबंधित सहायक अभियंताओं और उप अभियंताओं को शिकायत के समाधान के लिए निर्देशित किया जाएगा। रजिस्टर में शिकायत की तिथिवार स्थिति भी दर्ज की जाएगी, ताकि हर शिकायत का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। इस प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारियों के रूप में सहायक अभियंता बैकुंठपुर प्रखर बेले, उप अभियंता सोनहत भूपेन्द्र सिंह कोर्चे और उप अभियंता विकासखंड़ कुमारी ज्योत्सना लकड़ा को तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक मुख्यालय पर संबंधित हैंडपंप तकनीशियनों की ड्यूटी लगाई गई है, जो सुनिश्चित करेंगे कि गांवों में पेयजल की समस्या का समाधान किया जाए। मुख्यालय पटना, कुड़ेली, बैकुंठपुर, कटगोड़ी, सोनहत और रामगढ़ के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों के लिए तकनीशियन नियुक्त किए गए हैं। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के मोबाइल नंबर भी जारी किए गए हैं, जिससे नागरिक सीधे संपर्क कर अपनी शिकायतें दर्ज करवा सकते हैं, इसके अलावा खंड कार्यालय बैकुंठपुर और विकासखंड़ मुख्यालयों में भी शिकायत पंजी संधारित किया जाएगा, जहां लोग अपनी शिकायतें या सुझाव दर्ज करवा सकेंगे।

# हिन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल में रिजल्ट वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा में 7 अप्रैल को कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए रिजल्ट वितरण समारोह आयोजित किया गया।




इस अवसर पर नगर पालिका शिवपुर चरचा के अध्यक्ष अरूण जायसवाल, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, नीरज गुप्ता, अंकित अग्रवाल एवं स्कूल डायरेक्टर निसार खान विशेष रूप से उपस्थित रहे। बच्चों के अभिभावक भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। समारोह के दौरान स्कूल प्रबंधन ने नए शैक्षणिक सत्र के एडमिशन प्रारंभ होने की जानकारी दी। वहीं कक्षा 1 से 12 वीं तक के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी मेहनत का सम्मान देना और आगे की पढ़ाई के लिए उन्हें प्रेरित करना था।

इस मौके पर स्कूल के प्रचारक शशिभूषण राय, शिक्षिका श्रीमती निशा राय, श्रीमती शिल्पा शंकर, श्रीमती किरण वर्मा, राजाराम देवांगन, कुमारी मेघा तिवारी, खुशबू यादव, मिस कौसर, विश्वनाथ ठाकुर, अनिल कुमार भगत, शफीक अहमद, निशाहंत आरा, दयानंद ठाकुर, जयदेव पांडे, हीरा विश्वकर्मा, रूपा विश्वकर्मा, संजय कुमार, मनोज कुमार पांडे, सुप्रिया ठाकुर, परवीन सबा, कविता पांडे, रश्मिता, शबरीन बानो, पुष्पा मंडल, जीनत आरा और पूजा नाहक सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

समारोह न केवल विद्यार्थियों को सम्मानित करने का अवसर बना, बल्कि शिक्षकों और छात्रों के आपसी संबंधों को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक

# विधायक बोले-मूलभूत सुविधा वाले कार्य पहले करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के बैकुंठपुर विधानसभा के विधायक भईयालाल राजवाड़े की उपस्थिति में जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक आयोजित की गई।

■ **बैठक में 1169 कार्यो को किया गया निरस्त**

बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने की। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत, सदस्य सचिव एवं जिला खनिज संस्थान न्यास के डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय, वार्षिक प्रतिवेदन और स्वीकृत कार्यो का अनुमोदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि 2016-17 से 2024-25 तक कुल 37895.68 लाख रूपए की राशि प्राप्त हुई है और अब तक 37941.53 लाख रूपए खर्च किए गए हैं। इस दौरान 1169 कार्यो को निरस्त किया गया है, जिनकी राशि 1898.30 लाख रूपए प्राप्त हुई है। विधायक श्री राजवाड़े ने विभिन्न विषयों पर अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना, पेयजल, बिजली, आंगनबाड़ी केन्द्रों आदि के संबंध में भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए, इसके अलावा बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई, इनमें भौतिक अधोसंरचना, विद्युतीकरण, आंगनबाड़ी केन्द्रों, सड़कों का निर्माण, पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के उपाए शामिल रहे।




बैठक में उपस्थित विधायक व अन्य।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने बताया कि भारत सरकार के विजन 2047 के तहत कोरिया जिले को जलवायु अनुकूलन गांव के रूप में विकसित करने के लिए जल प्रबंधन, हरित कृषि, सौर ऊर्जा, वन संरक्षण और पौधरोपण जैसे कार्यों, कोरिया जिले के पर्यटक स्थलों के विकास के लिए कार्य योजना, पोषण-संवेदनशील हस्तक्षेप और स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि के उपायों पर जोर दिया गया। पर्यटक स्थलों के रूप में हसदेव नदी, गोपद नदी, तंजारा जलप्रपात और गुरूघासी दास टाइगर रिजर्व ⏭ शेष पेज 4 पर

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजुरी

भारतीय जनता पार्टी का 46 वां स्थापना दिवस बिजुरी मंडल के सभी बूथों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना होने बाद से जहां प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा 6 अप्रैल को देशभर में पार्टी संगठन का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। वहीं इस वर्ष 6 अप्रैल को ही चैत्र नवरात्रि का समापन दिवस अर्थात रामनवमी पड़ने से भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशियां दो गुनी बढ़ गई। सुबह से ही भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय देवी मंदिरों में जाकर भगवान की पूजा अर्चना किया गया और एक-दूसरे से मिलकर सभी को रामनवमी का बधाई भी दिया गया। तत्पश्चात सभी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अपने-अपने बूथों में सामूहिक रूप से भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रत्येक बूथों में जहां भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करते हुए पुष्पार्पित किया गया। वहीं संगठन का प्रतीकात्मक ध्वज फहराकर 46 वां भाजपा स्थापना दिवस मनाया गया।

## खबर संक्षेप

### साईं सरगम फाउंडेशन का विधायक ने किया उद्घाटन



**लखनपुर।** अंचल के नए उभरते गायक कलाकारों को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से साईं सरगम फाउंडेशन ग्रुप का उद्घाटन विधायक माननीय राजेश अग्रवाल द्वारा ग्रुप के संचालक शिवराज सिंह के आवास पर किया गया। इस दौरान भक्ति गीत व नए पुराने गानों से नगर के उपस्थित गणमान्य श्रोतागण देर रात तक मंत्रमुग्ध हुए। ग्रुप के संचालक शिवराज सिंह हाल ही में एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र से सेवानिवृत्त होकर अपने निज आवास लखनपुर में शिफ्ट हुए हैं। वे पूर्व में भी विभिन्न म्यूजिकल ग्रुप से जुड़े रहे हैं। उन्होंने बताया ग्रुप में अंचल के प्रसिद्ध भक्ति गीत गायक कैलाश चौधरी, नए पुराने गीतों के गायक राम नगेसिया व बैकुंठपुर निवासी श्रीमति सरोज नायक ने अपने गायन प्रतिभा से लोगों का मनोरंजन किया।

### एसपी की मौजूदगी में कराई गई बलवा ड्रिल



**बलरामपुर।** शुक्रवार को रक्षित केंद्र में एसपी वैभव बैंकर की उपस्थिति में जनरल परेड और बलवा ड्रिल अभ्यास अभ्यास किया गया। परेड के दौरान एसपी को परेड कमांडर निरीक्षक विमलेश कुमार देवांगन द्वारा समाली दी गई। सलामी के पद एसपी ने परेड का निरीक्षण किया और उत्तम टर्न आउट धारण करने वाले 9 अधिकारी कर्मचारियों को पुरस्कृत किया। इसके साथ ही खराब टर्न आउट वाले अधिकारी कर्मचारियों को कड़े शब्दों में सम्झैस दी गई। परेड के बाद कानून व्यवस्था, ला एंड ऑर्डर के दौरान स्थिति से निपटने और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बलवा ड्रिल का अभ्यास अक्राया गया। इस दौरान एसपी ने कानों व्यवस्था ड्यूटी के दौरान निर्मित होने वाली स्थिति में भीड़ व उपद्रवियों पर काबू पाने की बारीकियों को समझाया। वहीं काई में वरिष्ठ अधिकारियों व विशिष्ट व्यक्तियों के सुरक्षार्थ गनमेन ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को कर्तव्य के दौरान सजग रहने वह ड्यूटी के बाद उनको इशू आर्म्स-एम्युनेशन को नजदीकी थाना-चौकी में सुरक्षित जमा करने की हिदायत दी गई। इस दौरान एसडीओपि बाजीलाल सिंह व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### बाइक जलने के मामले में पुलिस कर रही जांच



**कोरबा।** अज्ञात लोगों ने एक मोटरसायकल को आग के हवाले कर दिया था। मोटर सायकल किसकी है और किसने इस कारनामे को अंजाम दिया है और किस उद्देश्य से दिया है अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। बाइक को पुलिस ने मौके से लावारिश हालत में जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। कोरबी चौकी प्रभारी अफसर खान का कहना है कि बाइक जली हुई अवस्था में मिली है। जिसके चेचिस नंबर के आधार पर पुलिस मोटर मालिक पर पहुंचने का प्रयास करेगी। जिसके बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा। पूरा मामला कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत सिरमिना-कोरबी सड़क मार्ग पर स्थित भदरापारा गाँव के समीप एक पुल के नीचे अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल को आग के हवाले कर अप्रिय वारदात को अंजाम देने की कोशिश कर फरार हो गया है। उक्त स्थल को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि घटना पुरानी है। स्थानीय लोगों की सूचना पर कोरबी चौकी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी, जहां पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और जली हुई मोटरसायकल को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### शामिल हुए पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव भी, उमड़ी भक्तों की भीड़

# धूमधाम से मना रामलला का जन्मोत्सव, विधि-विधान से हुई पूजा-अर्चना



रामंदिर में महाआरती के दौरान मौजूद टीएस सिंहदेव।



भजन की प्रस्तुति देती महिलाएं।



भगवान राम के प्राकटोत्सव में उपस्थित श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भगवान रामलला का जन्मोत्सव रामनवमी जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। रामनवमी के अवसर पर मंदिरों में विधि विधान से पूजा अर्चना हुई और जगह जगह भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संभाग मुख्यालय के श्री राम मंदिर में विधि विधान से भगवान श्री राम की पूजा अर्चना की गई। दोपहर 12 बजे जैसे ही मंदिर के पट खुले पूरा मंदिर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जयकारे से गूंज उठा। इस दौरान प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम और सरगुजा राजपरिवार के मुखिया टीएस सिंहदेव ने विधि विधान से पूजा अर्चना और आरती की। इसके साथ ही मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। रामलला के जन्म उपरांत बाद भक्त राम जन्मोत्सव की खुशियों में लीन हो गए।

**खास बात**

- आठ दिनों से चल रहे विविध धार्मिक अनुष्ठान

रविवार को भगवान श्री राम का जन्मोत्सव जिले के राम मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। रामनवमी को लेकर मंदिर की पूजन समिति द्वारा विशेष तैयारियां की गई थी। सुबह से ही भक्तों की भीड़ राम मंदिर में पहुंचनी शुरू हो गई थी। शनिवार की शाम से चल रहे अखंड रामायण पाठ के बाद भगवान राम-जानकी का जलाभिषेक किया गया। जलाभिषेक के बाद ध्वज स्थल की पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण उपरांत भगवान राम- जानकी का अलौकिक श्रृंगार किया गया। इस दौरान भजन कीर्तन का क्रम निरंतर जारी रहा। भक्त भजन कीर्तन में लीन रहे इस दौरान शंखनाद के साथ भगवान श्री राम का जन्म हुआ और जैसे ही मंदिर के पट खोले गए पूरा मंदिर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जयकारे से गूंज उठा। भक्तों ने जय श्री राम के नारे लगाकर और ढोल नगाड़े बजाकर खुशियां मनाई। मंदिर के पट खुलने के बाद पुजारी द्वारा महाआरती की गई।

महाआरती के बाद भगवान के दर्शन करने और आशीर्वाद लेने भक्तों का तांता लगा रहा। इस दौरान भक्तों ने विधिवत पूजा अर्चना कर अपने व परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। भगवान राम के जन्मोत्सव उपरांत मंदिर में भंडारे और भजन कीर्तन का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा।

## मना प्राकट्य दिवस

रामनवमी को राम चरित मानस का प्राकट्य दिवस भी मनाया जाता है। आज ही के दिन राम चरित मानस का अवतरण हुआ था। इस लिए आज के दिन को प्राकट्योत्सव के रूप में मनाया जाता है। आज के दिन भक्त विशेष तौर पर रामचरितमानस का पाठ करते है।

## टीएस सिंहदेव ने की आरती

शहर के 95 वर्ष पुराने प्रभु श्री राम मंदिर में परंपरा अनुसार राजपरिवार की प्रथम पूजा के साथ रामनवमी का पर्व पूरी आस्था एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सरगुजा राजपरिवार के मानद महाराज एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने पूजा उपरांत दोपहर ठीक 12 बजे मंदिर के गर्भगृह का पट खोलकर प्रकटोत्सव की शुरुआत की। वर्ष 1930 में पूर्व महाराज स्व. मदनेश्वर शरण सिंहदेव के जन्म पर तत्कालीन सरगुजा रियासत के महाराज स्व. रामानुज शरण सिंहदेव ने प्रभु श्री राम के मंदिर का निर्माण कराया था। 90 के दशक में अमरकंटक के कल्याण बाबा के अनुरोध पर पूर्व महाराज स्व. मदनेश्वर शरण सिंहदेव एवं महारानी स्व. देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव ने श्री राम मंदिर को कल्याण आश्रम को दान में दे दिया था। महारानी स्व. देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव आजीवन इस मंदिर के ट्रस्ट की ट्रस्टी रही थी। रामनवमी के दिन शहर के इस प्राचीन राममंदिर में परंपरा रही है कि सरगुजा महाराज या उनके प्रतिनिधि के द्वारा प्रथम पूजा की जाती है एवं गर्भगृह का पट खोला जाता है। आज दोपहर 12 बजे श्री राम मंदिर में पूजा एवं गर्भगृह के पट को खोलने के उपरांत श्री सिंहदेव ने सभी नागरिकों को रामनवमी की बधाई दी एवं प्रभु श्री राम के मर्यादा पुरुषोत्तम के आचरण को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि रियासत काल से सरगुजा राजपरिवार की पारिवारिक परंपरा सनातन धर्म की रही है लेकिन नीति के रूप में परिवार सर्वधर्म सद्भाव पर यकीन करता है। सर्वधर्म सद्भाव के साथ ही परिवार सरगुजा के आदिवासी संस्कृति के परंपराओं को भी अपने पूजा पद्धति में समावेश करता है। उन्होंने कहा कि चाहे रामनवमी में प्रभु श्री राम के मंदिर की प्रथम पूजा हो या नवरात्रि में मां महामाया मंदिर में संधि पूजा हो सरगुजा राजपरिवार अपने परिवार के इन सनातनी परंपराओं को पूर्ण करने के लिए कृत संकल्पित है। रामनवमी की पूजा के उपरांत उन्होंने राजपरिवार की ओर से राम मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे को भी प्रारंभ किया और श्रद्धालुओं को भंडारे के प्रसाद का वितरण किया।

## सिद्धपीठ मां महामाया एवं पहाड़ी माई मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



रामानुजगंज। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन से ही सिद्धपीठ मां महामाया मंदिर एवं पहाड़ी माई मंदिर में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ रहा है। पट खुलते ही श्रद्धालुओं की लंबी लाइन पूजा अर्चना के लिए लग जा रही है। महानवमीं के अवसर पर भी दोनों देवी धामो में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी वही पहाड़ी में मंदिर में पहाड़ी मंदिर समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। नगर में चैत्र नवरात्रि की अद्भुत छटा नगर में देखते बन रही है एक ओर पहाड़ी में मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा अर्चना के लिए उमड़ रही है वहीं दूसरी ओर कन्हर नदी के तट पर स्थित सिद्धपीठ मां महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ के कारण सुबह से ही यहां मेला जैसा माहौल निर्मित हो जा रहा है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों के साथ-साथ झारखंड, मध्य प्रदेश, बिहार से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां मत्था टेकने पहुंचे। महामाया मंदिर के पुजारी जितेंद्र पांडे ने बताया कि सिद्ध पीठ महामाया मंदिर के प्रत्येक नवरात्रि के अष्टमी को माता का श्रृंगार किया जाता है। चैत्र नवरात्रि के अष्टमी तिथि को माता का श्रृंगार किया गया।

### दतिमा में निकाली गई शोभायात्रा

श्री राम नवमी एवं हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में भव्य रैली का आयोजन दतिमा समेत आधा दर्जन गांवों में किया गया ।आयोजन में सर्व हिन्दू समाज को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का शुरूआत दतिमा चौक से किया गया था जो कि दतिमा,राई,नवापारा, मिसिरपारा, बतरा,कमलापुर, कुम्दा बस्ती, रामनगर,रुनियाडीह, सोहागपुर, करंजी,खरसुरा के बाद वापसी और रैली का समापन दतिमा में किया गया। बजरंग दल प्रखंड बिश्रामपुर के जिला संयोजक प्रहलाद निषाद, प्रखंड संयोजक गिरजा शंकर कसेर, प्रखंड सह संयोजक सतेन्द्र बाबू, प्रखंड सुरक्षा प्रमुख नीरज राजवाड़े एवं दुर्गा वाहिनी के विभाग संयोजिका रचना सिंह, जिला संयोजिका शशि राजवाड़े, अंजली राजवाड़े सहित अन्य उपस्थित रहे।

## महाअष्टमी पर किया गया कन्या पूजन



विश्व हिंदू परिषद एवं छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम देवगई में कथावाचक सदानंद महाराज के विशेष उपस्थिति में चैत्र नवरात्र के महाअष्टमी के अवसर पर कन्या पूजन का आयोजन दुर्गा मंडप प्रांगण में आयोजित किया गया। जहां बड़ी संख्या में कन्याओं का चरण पूजन एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। गांव में हो रहे पहली बार कन्या पूजन के बड़े आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह देखते बन रहा था। इस अवसर पर कथावाचक सदानंद महाराज ने कहा कि कन्या पूजन का महत्व हिंदू धर्म में बहुत अधिक है। यह अनुष्ठान कन्याओं को देवी का रूप मानकर उनकी पूजा करने के लिए किया जाता है। कन्याओं को देवी का रूप माना जाता है और उनकी पूजा करने से देवी की कृपा प्राप्त होती है। कन्या पूजन कन्याओं के प्रति सम्मान और आदर को दर्शाता है, कन्या पूजन नारी शक्ति का सम्मान करने के लिए किया जाता है, कन्या पूजन करने से आध्यात्मिक लाभ होता है, यह आत्मा को शुद्ध करता है। भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भाजपा, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अरुण केसरी, भाजपा जिला महामंत्री दीना नाथ यादव, जिला पंचायत के सभापति बद्री यादव, मुंशी सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सीताराम गुप्ता, जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष सुनील तिवारी, जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष बीडी लाल गुप्ता, शर्मिला गुप्ता, बलरामपुर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप सोनी, मंडल महामंत्री दयाल विश्वास, मेहीलाल आयाम, अनोज यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा आयोजन की सराहना की। आयोजन समिति के प्रमुख आकाश तिवारी ने बताया कि विगत 4 वर्षों से कन्या पूजन का आयोजन कराया जा रहा है। इस दौरान सरपंच लालमोहन सिंह, उबलक मरावी, बेल बहादुर सिंह, राजेश प्रजापति, नरेश अगरिया, गोला सिंह, मनोज प्रजापति, सत्या सिंह, कमलेश यादव, परमानंद कुशवाहा, आनंद कुशवाहा, शैलेश यादव, उदय यादव चिंतन, उमेश कुशवाहा, अरविंद यादव, पूजा सिंह, दीपक गिरी, अर्चित ठाकुर, सत्यम गुप्ता सहित अन्य लोग माजूद रहे।

## नवरात्रि के अवसर पर निकाली गई जस जवारा



**प्रतापपुर।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर इन दिनों माता रानी का आह्वान करते हुए नगर में गांव के पांडा बैगा द्वारा जस ज्वार निकाला गया। नवरात्रि के दिनों में ढोल मांदर, शहनाई के साथ माता रानी को मनाने के लिए जस गीत पारंपरिक माता रानी के गीत पर हाथों में खप्पर लेकर तथा मुंह में बाना डालकर नगर भ्रमण किया गया। वही मां समलेश्वरी, मां दुर्गा, मां कुदरगढ़ी, का आह्वान किया। पारंपरिक जस गीत पर झूमते हुए श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते नजर आए। सरगुजा के जस गीत पारंपरिक व जो जवारा के माध्यम से नगर पूरा भक्ति में इन दिनों दिखाई दे रहा है। आग जलते हुए ख़प्पड़ और मुंह में बाना डाले पुरुष व झूमती हुई महिलाएं का लोग पूजन करने के लिए परंपरा है जो आस्था का केंद्र बना हुआ है। प्रतापपुर व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने बताया की सैकड़ो वर्षों से इसी तरह की परंपरा देखी जा रही है जो चैत्र नवरात्रि में पूरा भक्ति में माहौल नगर हो जाता है। प्रत्येक गांव के बैगा पांडा अपने धामों से उठकर माता रानी का जोत जलाकर हाथ में ख़प्पड़ लेकर सभी को आशीर्वाद देते हैं। माता रानी का आशीर्वाद इतना होता है कि मुंह में लोहा के त्रिशूल जीभ एवं गालों में छेदन कर पूरा दिन माता के भक्ति में डूबे होते हैं।

### राम नाम जयघोष से गूंज उठा शहर

**रामानुजगंज।** हिंदू नव वर्ष एवं रामनवमी के उपलक्ष में बजरंग दल के कार्यकर्ता कई दिनों से रामलाल के शुभ आगमन की तैयारी में लगे हुए थे। कार्यकर्ताओं ने दिन-रात मेहनत कर सनातन समाज के सहयोग से नगर को ध्वज तोरण एवं विशाल भगवत ध्वज लगाकर केसरिया रंग से रंग कर दिया जिससे शहर भगवामय हो गया। महाष्टमी के अवसर पर बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद द्वारा पूरे नगर को भगवामय कर दिया। नगर की चौक चौराहा मंदिरों और धार्मिक स्थलों को भगवा झंडो से सजाया गया जिससे शहर का माहौल पूरी तरह धार्मिक रंग में रंगा नजर आया। इस अवसर पर बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद की ओर से भव्य बाइक रैली का निकाली गई। रैली मध्य बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई और शहर के विभिन्न वार्डों व चौराहा से होती हुई प्राचीन राम मंदिर में समाप्त हुई। रैली में बड़ी संख्या में युवा बाइक, कार एवं ट्रैक्टर लेकर शामिल हुए जिससे पूरे नगर में उत्साह का माहौल रहा । नगर के गांधी चौक पर हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में सिर्फ युवा ही नहीं बच्चों ने भी इस आयोजन में हिस्सा लिया बजरंग दल के तत्वावधान में एक विशेष साइकिल रैली भी आयोजित की गई जिसमें रामानुजगंज के बड़ी संख्या में बच्चे शामिल हुए।

# भीषण गर्मी से राहत देने फिर से शुरू हुई वाटर एटीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भीषण गर्मी के समय शहर में लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए एक बार फिर से वाटर एटीएम मशीनों को दुरुस्त कर दिया गया है। लम्बे समय से बंद व खराब पड़े मशीनों को महापौर श्रीमती मंजूषा भगत के निर्देश पर सुधारा गया। वाटर एटीएम मशीन में सुधार के बाद मेयर ने स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और शेष वाटर एटीएम मशीनों को भी जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

बता दें कि शहर में भीषण गर्मी के समय लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वर्षों पूर्व वाटर एटीएम मशीनें लगाई गई थी। इन मशीनों में एक रूपए का सिक्का डालने पर एक लीटर पानी उपलब्ध होता है लेकिन वर्षों पुराने ये एटीएम मशीन देखरेख के आभाव में खराब हो गये थे या बंद पड़े हुए थे। ऐसे में शहर में आने वाले लोगों को भीषण गर्मी के समय अपनी प्यास बुझाने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ती थी। बंद पड़ी वाटर एटीएम मशीनों को लेकर महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने दस दिनों पूर्व निरीक्षण उपरांत सुधार के निर्देश दिए थे। मेयर के निर्देश के बाद बाहर से इंजीनियर बुलाकर तत्काल वाटर एटीएम का सुधार कार्य जारी है। अब तक गुजरी बाजार, कंपनी बाजार, गांधीनगर बाजार, मैरीन ड्राइव के वाटर एटीएम शुरू कर दिए गए है जबकि वाटर पार्क, स्टेडियम ग्राउंड के सामने, नया बस स्टैंड, जिला अस्पताल के एटीएम के मरम्मत का कार्य जारी है। महापौर श्रीमती भगत ने गुदरी बाजार के वाटर एटीएम का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि वाटर एटीएम की सबसे बड़ी समस्या सिक्का है जो एक- दो रुपए के सिक्के व्यापारियों द्वारा लेने में परहेज किया जा रहा था। वह प्रचलन में समाप्त सा होता जा रहा था। कलेक्टर ने इस सम्बन्ध में सख्ती बरती है। वाटर एटीएम के माध्यम से बंद बोतल के बराबर गुणवत्तायुक्त पानी एक रुपए में एक लीटर लोगों को उपलब्ध होगा। इस दौरान जल प्रदाय विभाग के प्रभारी जितेंद्र सोनी, पार्षद मनोज गुप्ता, पूर्व पार्षद विकास वर्मा, नितिन गुप्ता, मधुकर शुक्ला व अन्य मौजूद थे।

# गोदीपहाड़ पर निर्मित है माता दुर्गा का मंदिर मनोकामना पूरी करने चढ़ाते हैं नारियल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा जिले में मां दुर्गा का एक ऐसा भी मंदिर स्थापित है जहां नारियल चढाने पर लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस देवी मंदिर में बली प्रथा का रिवाज नहीं है और भक्त केवल नारियल चढाकर माता को प्रसन्न करते है।

हम बात कर रहे है गादीपहाड़ पर स्थित मां दुर्गा के मंदिर की। जिले के रायगढ़ रोड एनएच 43 पर रघुनाथपुर से पुरकेला जाने वाले गादी पहाड़ पर स्थापित इस मंदिर को लेकर लोगों की अलग मान्यताएं है। मंदिर के पुजारी गणेश राम का कहना है कि इस मंदिर



की स्थापना 1980 में की गई थी। इसके उर्व यह मंदिर गादी पहाड़ देवता के नाम से जाना जाता था लेकिन सडक किनारे तलाब सफाई के दौरान माता दुर्गा की प्रतिमा दिखाई दी जिसके बाद गाँव के बुजुर्गों और बैगा द्वारा इस प्रत्मा को गादी पहाड़ पर स्थापित किया गया उसी समय से इस स्थान पर मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जाती है। क्षेत्र के लोग अपनी अस्थ्ना लेकर इस मंदिर में आते है और उनकी मनोकामना पूर्ण होती है। मंदिर के संरक्षक महेश नामदेव का कहना है की यहां कभी बलि प्रथा नहीं हुई और न किया जाता है। केवल नारियल प्रसाद से माता दुर्गा जी प्रसन्न होकर श्रालुओं की मनोकामना पूर्ण करती है। वही इस मंदिर तक पहुंचने के लिए कच्ची सड़क बनाई गई है। सड़क का निर्माण लोगों ने श्रमदान कर किया है। अब लाइट पानी की व्यवस्था होने के कारण यहां श्रद्धालुओं का आना जाना शुरू हो चुका है। आज रामनवमी के आखिरी दिन इस मंदिर में आसपास के लोग अपनी आस्था लेकर पहुंचते हैं।

### परिजन व ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर किया प्रदर्शन, त्रिकुंडा थाना क्षेत्र की घटना

# तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार युवक को कुचला, मौके पर मौत

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर जिले के त्रिकुंडा थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह तेज रफ्तार ट्रेलर के काल बनकर युवक की जान ले ली। काम करके वापस घर लौट रहे बाइक सवार युवक को गांव के समीप ही ट्रेलर ने कुचल दिया। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। इधर इस घटना के बाद आक्रोशित परिजन व ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया और दुर्घटना कारित करने वाले वाहन को पकड़ने की मांग की। सूचना पर पहुंची पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की टीम द्वारा समझाईस देकर मामला शांत कराया इसके साथ ही चंदौरा घाट से ट्रेलर को पकड़ने में सफलता हासिल की। पुलिस द्वारा शव को



घटना स्थल पर मौजूद लोगों की भीड़।

पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम पलगी निवासी 23 वर्षीय पिंटू सोनी आ. सुदेश्वर सोनी रविवार की सुबह 8 बजे अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 डीआर 9445 से बाजार की तरफ निकला था और उधारी पैसों की वसूली करने के बाद वह वापस घर लौट रहा था। इस दौरान जब वह अपने गांव की ओर जाने वाली मुख्य सड़क की ओर मुड रहा था तो रामानुजगंज की तरफ से आ रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 15 ईएफ 9921 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को कुचल दिया। ट्रेलर की टक्कर और कुचलने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना के बाद चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा मृतक की पहचान की गई। इधर घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों व परिजन ने मृतक के शव को सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया। परिजन की मांग थी कि दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन को पकड़ा जाए। मौके पर पहुंचे रामानुजगंज नायब तहसीलदार, त्रिकुंडा थाना प्रभारी रामनगीना यादव, बसंतपुर थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह, डिंडो चौकी प्रभारी मनोज नवरंगे मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को दोषी पर कार्रवाई का आश्वासन दिया जिसके बाद आंदोलन समाप्त हुआ। इस दौरान लगभग आधे घंटे तक आवागमन बाधित रहा। इधर घटना के बाद सूचना मिलते ही पुलिस टीम दुर्घटना कारित वाहन का पीछा कर रही थी इस दौरान ट्रेलर चालक वाहन को चंदौरा घाट के पास खड़ा कर भाग निकला।

### ट्रैक्टर से गिरकर बालक की मौत, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** ट्रैक्टर से गिरकर बच्चे की मौत के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। शंकरगढ़ पुलिस के अनुसार ग्राम पतराटोली निवासी सुरेन्द्र पहाडी कोरवा आ. नवल पहाडी कोरवा 4 अप्रैल को मनोज बुनकर के ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 15 सीवाई 5585 में अपने बेटे विक्की राम के साथ बैठकर ग्राम गम्हारडीह से अपने घर पतरा टोली जा रहा था। इस दौरान ग्राम नवगई मोड़ के पास चालक मनोज कुमार ने ट्रैक्टर को तेज रफ्तार से मोड़ दिया। मोड़ पर ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गड्ढे में घुस गया। दुर्घटना के दौरान सुरेन्द्र कोरवा के गोद में बैठा हुआ पुत्र विक्की राम ट्रैक्टर से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल बालक को उपचार के लिए तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकरगढ़ ले गए।

7-APRIL- JAS-KORIYA-RAG- JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 4/7/2025 8:17 PM Page 1





# अजय देवगन की वजह से फ्लॉप हुई 'भेड़िया'...

**मुंबई।** रोमांटिक और कॉमेडी जॉनर की फिल्मों में वरुण धवन पसंद किए जाते हैं। बॉलीवुड की ज्यादातर एक्ट्रेस के साथ उन्होंने बतौर लीड एक्टर काम किया है। साल 2022 में उनकी एक फिल्म रिलीज हुई थी, जिसका नाम भेड़िया था और इसमें उनके साथ बी टाउन की खूबसूरत अभिनेत्री कृति सेनन भी नजर आईं। खैर, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। अब इसके डायरेक्टर ने इसके असफल होने पर खुलकर बात की है। कोमल नाहटा के पॉडकास्ट 'गेम चेंजर्स' में स्त्री जैसी हिट फिल्म देने वाले डायरेक्टर अमर कौशिक नजर आए। इस दौरान उन्होंने अपनी कुछ सफल और असफल फिल्मों पर बात की।

लाइफ Style



# प्रियंका

## हाथ लगी साउथ की एक और मूवी

एजेंसी ⏭ मुंबई

अब खबर है कि उनके हाथ एक और फिल्म लगी है। वो भी साउथ के डायरेक्टर की। वो और कोई नहीं, बल्कि एटली हैं, जिन्होंने शाहरुख खान की 'जवान' का निर्देशन किया था। खबर है कि एटली की फिल्म में प्रियंका को अल्लू अर्जुन के साथ देखा जाएगा।

प्रियंका चोपड़ा लंबे समय से हॉलीवुड में काम कर रही थीं। बॉलीवुड के फैंस उनका हिंदी फिल्म में काम करने का इंतजार कर रहे थे। फिलहाल वो साउथ के फेमस डायरेक्टर एसएस राजामौली की फिल्म में महेश बाबू संग काम कर रही हैं। अब खबर है कि उनके हाथ एक और फिल्म लगी है। वो भी साउथ के डायरेक्टर की। वो और कोई नहीं, बल्कि एटली हैं, जिन्होंने शाहरुख खान की 'जवान' का निर्देशन किया था। खबर है कि एटली की फिल्म में प्रियंका को अल्लू अर्जुन के साथ देखा जाएगा। अब अटकलें लगाई जा रही हैं कि मेकर्स एक और हाई-प्रोफाइल बॉलीवुड स्टार पर विचार कर रहे हैं। एटली पहले सलमान खान के साथ एक फिल्म का निर्देशन करने वाले थे, लेकिन ये प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में चला गया है। चर्चा है कि एक बॉलीवुड एक्ट्रेस इसमें कदम रखेगी। लेट्स सिनेमा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रियंका चोपड़ा को इस प्रोजेक्ट के लिए फीमेल लीड के रोल में माना जा रहा है। अभी इसका नाम 'पैरेलल यूनिवर्स' रखा गया है, जो टेम्परेरी है। इसमें अल्लू अर्जुन डबल रोल में नजर आ सकते हैं। हालांकि, अभी तक इस पर ऑफिशियली कोई बयान नहीं है। प्रियंका चोपड़ा इस समय राजामौली की जंगल एडवेंचर 'एसएसएमबी 29' (नाम तय नहीं) में महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन संग एक्टिंग कर रही हैं।

हॉलीवुड मसाला



# न्यू बेबी को किया वेलकम

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस और ऑस्कर विजेता जेनिफर लॉरेंस न सिर्फ अपनी दमदार एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं, बल्कि अपने बेबाक अंदाज और सामाजिक मुद्दों पर मुखरता से राय रखने के लिए भी चर्चाओं में रहती हैं। उन्होंने 2019 में कुक मारोनी से शादी की थी, और अब इस कपल ने अपने दूसरे बच्चे का स्वागत किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 31 मार्च को जेनिफर और उनके पति कुक मारोनी को न्यूयॉर्क की सड़कों पर स्पॉट किया गया था।



# टॉम के फिल्म पर उठा पर्दा ...

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल के फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। टॉम हॉलैंड काफी समय से स्पाइडर-मैन के चौथे पार्ट को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फ्रेंचाइजी के दीवाने लंबे समय से मूवी की रिलीज डेट का इंतजार कर रहे थे। अब महीनों बाद, अभिनेता ने फैंस को फिल्म के टाइटल के साथ-साथ उसकी रिलीज डेट पर भी अपडेट दिया है। आइए जानते हैं कि कब आप अपने पसंदीदा पीटर पार्कर को सिल्वर स्क्रीन पर देख पाएंगे। टॉम हॉलैंड स्टारर स्पाइडर-मैन फ्रेंचाइजी अपनी चौथी किस्त के साथ रिलीज के लिए तैयार है। टॉम हॉलैंड एक बार फिर एक्शन अवतार में वापसी करने वाले हैं। लास वेगास के सिनेमाकॉन में निर्देशक डेस्टिन डैनियल क्रेटन ने बताया कि फिल्म की शूटिंग गर्मी के अंत तक पूरी हो सकती है।



# माता वैष्णो देवी मंदिर पहुंची ईशा...

**मुंबई।** अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर ने आज राम नवमी के दिन माता वैष्णो देवी के दर्शन किआ और साथ ही खुद को बहुत भाग्यशाली बताया। नवरात्रि का आखिरी दिन होने के कारण यह मौका खास था। ईशा ने गुलाबी कपड़े और धूप के चश्मे पहने थे, साथ में सुंदर झुमके भी पहने थे। एएनआई से बातचीत के दौरान ईशा ने कहा, हम नवरात्रि के नवमी के दिन यहां आए, यह बहुत सौभाग्य की बात है। आप सभी को माता वैष्णो देवी का आशीर्वाद मिले। जय माता दी। राम नवमी चैत्र नवरात्रि के आखिरी दिन मनाई जाती है। यह भगवान राम के जन्म का दिन है। इस दिन छोटी लड़कियों को देवी दुर्गा के रूप में देखकर उन्हें उपहार और प्रसाद दिए जाते हैं। राम नवमी के दिन माता वैष्णो देवी मंदिर में बहुत सारे लोग दर्शन करने आते हैं। मंदिर के लिए अच्छी व्यवस्था की गई।



# संभाजी महाराज के बाद जादूगर बने...

**मुंबई।** विक्की कौशल इन दिनों अपने करियर की ऊंचाई पर हैं। हाल ही में आई उनकी ऐतिहासिक फिल्म छावा की सफलता के बाद अब उन्होंने अपनी अगली फिल्म का पहला लुक जारी कर फैंस को चौंका दिया है। इस बार विक्की का अंदाज कुछ अलग और मजेदार होने वाला है। खास बात है कि अभिनेता इस बार जादूगर बनने की तैयारी कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर ये पोस्टर आते ही वायरल हो गया है और फैंस उनके इस नए अवतार को खूब पसंद कर रहे हैं। पोस्टर में विक्की कौशल हरे रंग की चमकदार ड्रेस में नजर आ रहे हैं, जिससे साफ झलकता है कि वो फिल्म में एक जादूगर का रोल निभाने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन मशहूर डायरेक्टर शूजित सिरकार कर रहे हैं, जिन्होंने पीकू और अक्टूबर जैसी शानदार फिल्में बनाई हैं।

टीवी मसाला



# लोग मुझे फुटबॉल जैसे फेस वाली कहकर बुलाते थे...

**मुंबई।** टीवी की मशहूर अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश इन दिनों रियलिटी शो सेलेब्रिटी मास्टर शेफ में नजर आ रही हैं। जिसको लेकर वो लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। उनके फैंस अपनी पसंदीदा कलाकार को शो का विनर बनाना चाहते हैं। वहीं दूसरी ओर तेजस्वी अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड करण कुंद्रा के साथ शादी की खबरों को लेकर भी चर्चाओं में बनी हुई हैं। इस बीच अभिनेत्री ने बॉडी शेमिंग को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने ये भी बताया कि कब उन्हें बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ा। बातचीत में तेजस्वी प्रकाश ने बॉडी शेमिंग पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "मैं हमेशा पतली रही हूं और मुझे ये अजीब लगता है जब लोग किसी के वजन पर या किसी पर शारीरिक टिप्पणी करने को ठीक समझते हैं। जैसे लोग कहते हैं, तुम बहुत पतली हो, या अब तुम स्वस्थ हो। लेकिन अगर किसी का वजन ज्यादा है तो शायद कोई ऐसा नहीं कहेगा।"

## दिलजीत के साथ विल स्मिथ ने जमकर किया भांगड़ा...

**मुंबई।** पंजाबी सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ और अमेरिकी एक्टर विल स्मिथ ने रविवार सुबह अपने फैंस को चौंका दिया। दोनों ने एक अनोखे कोलैबोरेशन से सबको हैरान कर दिया। दिलजीत ने अपने इंस्टाग्राम पर एक मजेदार रील शेयर की, जिसमें विल स्मिथ उनके साथ भांगड़ा करते नजर आए। विल स्मिथ ने दिलजीत के डांस स्टेप्स को कॉपी करने की कोशिश की जो देखने में बेहद मजेदार था। इस वीडियो के साथ दिलजीत ने लिखा, पंजाबी आ गए ओये। लिविंग लीजेंड विल स्मिथ के साथ। किंग विल स्मिथ को भांगड़ा करते और पंजाबी ढोल की बीट्स पर मस्ती करते देखना प्रेरणादायक है। यह रील सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गई। फैंस ने कमेंट सेक्शन में अपनी खुशी जाहिर की। एक फैन ने लिखा, पंजाबी सच आ गए ओए, तो दूसरे ने कहा, अब बस एक शानदार फिल्म साथ में कर लो। वहीं एक यूजर ने लिखा, ये तो बिल्कुल अप्रत्याशित था।



# 33 साल बड़े एक्टर के साथ काम करने पर ट्रोल...

**मुंबई।** साउथ की फिल्म 'हृदयपूर्वम' में पहली बार मालविका मोहनन और मोहनलाल एक साथ काम कर रहे हैं। यूजर मोहनलाल को इस बात के लिए ट्रोल कर रहे हैं कि वह अपने से 33 साल छोटी एक्ट्रेस के साथ अभिनय करते हैं। इस पर मालविका मोहनन ने जवाब दिया है। मोहनलाल 64 साल के हैं, जबकि मालविका 31 साल की हैं। 18 मार्च को, उन्होंने मोहनलाल और फिल्म के कलाकारों के साथ तस्वीरें शेयर की थीं। एक यूजर ने कमेंट किया कि 65 साल का एक आदमी 30 साल की लड़की के साथ प्यार का खेल खेलता है। आखिर इन दिग्गज अभिनेताओं को ऐसी भूमिकाएं निभाने की क्या चाहत है जो उनकी उम्र के हिसाब से नहीं हैं? इस पर जवाब देते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि तुम्हें किसने बताया कि ये प्यार का मामला है? अपनी आधी-अधूरी धारणाओं के हिसाब से लोगों और फिल्म का मूल्यांकन करना बंद करें। एक लंबी पोस्ट में 'हृदयपूर्वम' की एक्ट्रेस ने लिखा कि मोहनलाल सर और सत्यन सर जैसे दिग्गजों से बहुत कुछ सीखा। उनसे मार्गदर्शन पाना सौभाग्य है। वह सिनेमाई जादू को जीवंत करते हैं। वह यह सब बहुत गरिमा, सम्मान और शालीनता के साथ करते हैं। कुछ सबसे प्रतिभाशाली लोगों के साथ काम किया। सहायक निर्देशकों की सबसे प्यारी टीम को धन्यवाद, जिनके बिना यह फिल्म पूरी नहीं होती। मालविका मोहनन को आखिरी बार हिंदी फिल्म 'युध्रा' में सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ अहम किरदार में देखा गया था। उन्होंने 2024 की तमिल फिल्म थंगलान में भी अभिनय किया।



# 7वें दिन भी 100 करोड़ की कमाई से चूकी 'सिकंदर'



*मुंबई। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान 'टाइगर 3' के बाद साउथ के डायरेक्टर ए आर मुरुगादॉस की फिल्म 'सिकंदर' के जरिए स्क्रीन पर धमाकेदार एक्शन करते हुए नजर आए। फिल्म को ईद के मौके पर 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। दर्शकों और फैंस को सलमान की इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार था। रिलीज के बाद इसे दर्शकों और क्रिटिक्स की ओर से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। इससे लोगों को जितनी उम्मीदें थी फिल्म उतना खास कमाल नहीं दिखा पाई। जहां वर्ल्डवाइड फिल्म ने 100 करोड़ दो दिन में ही कमा लिए थे वहीं, 7वें दिन भी सलमान की ये फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का कलेक्शन करने से चूक गई है। रिपोर्ट की मानें तो 7वें दिन 'सिकंदर' ने 3.75 करोड़ का कलेक्शन किया है। हालांकि, ये अभी शुरुआती आंकड़े हैं। ऑफिशियल आंकड़े आने के बाद इसमें बदलाव हो सकते हैं। 7वें दिन की कमाई के बाद फिल्म की टोटल कमाई 97.50 करोड़ हो चुकी है।*

## ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर रही इस मूवी ने लगभग 555 करोड़ का किया बिजनेस

# 2025 में अब तक 12 फिल्में रिलीज, 9 फ्लॉप 2 एवरेज और 1 ब्लॉकबस्टर

*मुंबई। साल 2025 का पहला क्वार्टर पूरा हो गया है और इन तीन महीनों में बॉलीवुड की कई फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हुईं। इसमें सोनू सूद की 'फतेह' से लेकर सलमान खान की 'सिकंदर' तक शामिल है। हालांकि, इस बार लोगों ने बहुत ही कम फिल्मों को पसंद किया। ऐसे में कुछ मूवीज बॉक्स ऑफिस पर पस्त हो गईं, तो कुछ ने ठीक-ठाक कलेक्शन किया। चलिए आपको बताते हैं, 2025 के पहले क्वार्टर में रिलीज हुई फिल्मों की बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट के बारे में।*

**फतेह :** सोनू सूद, जैकलीन, शिव ज्योति राजपूत और नसीरुद्दीन शाह स्टारर फिल्म 'फतेह' 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस मूवी का निर्देशन खुद सोनू ने ही किया था। ये मूवी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई और रिपोर्ट के अनुसार, यह डिजास्टर साबित हुई। फिल्म ने सिर्फ 12.50 करोड़ का बिजनेस किया था।

**इमरजेंसी :** 'इमरजेंसी' फिल्म में कंगना रनौत, अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी समेत कई स्टार्स दिखाई दिए थे। इस मूवी का निर्देशन और निर्माण कंगना ने ही किया था। फिल्म में उन्होंने इंदिरा गांधी का रोल प्ले किया। एक्ट्रेस को अपनी इस मूवी से काफी उम्मीदें थी, लेकिन यह मूवी भी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। रिपोर्ट के अनुसार, मूवी ने सिर्फ 14 करोड़ का बिजनेस किया और यह भी डिजास्टर साबित हुई।

**आजाद :** अभिषेक कपूर के निर्देशन में बनी फिल्म 'आजाद' भी 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस मूवी की बॉक्स ऑफिस पर कंगना 'इमरजेंसी' से टक्कर हुई। फिल्म में अजय देवगन, रवीना टंडन की बेटी राशा और अजय के भांजे अमान थे। ये राशा और अमान की डेब्यू मूवी थी, लेकिन लोगों ने इसे कुछ खास पसंद नहीं किया। फिल्म ने सिर्फ 6.50 करोड़ का लाइफटाइम बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया और यह डिजास्टर साबित हुई। हालांकि, मूवी में राशा के अभिनय को काफी पसंद किया गया था।

**स्काई फोर्स :** 24 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई संदीप केवलानी और अभिषेक अनिल कपूर के निर्देशन में बनी फिल्म 'स्काई फोर्स' में एक्टर अक्षय कुमार, निमरत कौर, वीर पहाड़िया समेत कई स्टार्स दिखाई दिए थे। ये मूवी वीर की डेब्यू फिल्म थी, जो एक एक्शन-ड्रामा फिल्म थी। इसकी कहानी 1965 के भारत-पाकिस्तान हवाई युद्ध में पाकिस्तान के सरगोधा एयरबेस पर भारत के हमले पर आधारित थी, जो भारत की पहली एयर स्ट्राइक थी। रिपोर्ट के अनुसार, यह मूवी बॉक्स ऑफिस पर एवरेज साबित हुई और इसने लगभग 109 करोड़ का बिजनेस किया।




**देवा :** शाहिद कपूर, पूजा हेगड़े, पावेल गुलाटी, कुब्रा सैत और प्रवेश राणा स्टारर फिल्म 'देवा' 31 जनवरी को रिलीज हुई थी। ये फुल ऑन एक्शन मूवी थी, जिसमें एक्टर का जबरदस्त अंदाज देखने को मिला था। हालांकि, दर्शकों को मूवी कुछ खास पसंद नहीं आई और यह फ्लॉप हो गई। रोशन एंड्रयूज के निर्देशन में बनी इस मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 32 करोड़ का लाइफ टाइम कलेक्शन किया।

**लवयापा :** 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई मूवी 'लवयापा' में जुनैद खान, खुशी कपूर, आशुतोष राणा और कीकू शारदा समेत कई स्टार्स नजर आए थे। ये मूवी जेन-जी की कहानी दिखाती है और यह खुशी-जुनैद दोनों की बड़े पर्दे पर डेब्यू मूवी थी। वहीं, 'लवयापा' के कलेक्शन की बात करें, तो फिल्म ने कुछ खास कमाल नहीं दिखाया और यह भी फ्लॉप साबित हुई। मूवी ने सिर्फ 8.25 करोड़ का लाइफटाइम बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया।

**छावा :** 14 फरवरी को विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म 'छावा' रिलीज हुई। साल 2025 के पहले क्वार्टर की ये एकलौती मूवी है, जो कमाई के मामले में ब्लॉकबस्टर साबित हुई। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने आते ही बॉक्स ऑफिस पर कब्जा कर लिया था। इसमें स्टार्स की एक्टिंग से लेकर फिल्म की कहानी तक को लोगों ने काफी पसंद किया। ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर रही इस मूवी ने लगभग 555 करोड़ का बिजनेस किया।

**मेरे हसबैंड की बीवी :** अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर, रकुल प्रीत सिंह, हर्ष गुजराल, डीनो मोरिया और कंवलजीत सिंह स्टारर फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' 21 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी इस रोम-कॉम मूवी ने 7.50 करोड़ का कलेक्शन किया और अर्जुन की यह मूवी भी डिजास्टर साबित हुई।

**क्रेजी :** सोहम शाह, निमिषा सजयन, टीनू आनंद, शिल्पा शुक्ला, उन्नति खुराना स्टारर ये फिल्म 28 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म की कहानी तो अच्छी थी, लेकिन लोगों को यह पसंद नहीं आई और फ्लॉप हो गई। गिरीश कोहली के निर्देशन में बनी इस मूवी ने सिर्फ 12 करोड़ का बिजनेस किया था।

## खबर संक्षेप

### पहली बार बहुभाषी कवि सम्मेलन का आयोजन 9 को

**कोरबा।।** प्रगतिशील लेखक संघ इकाई प्रगतिशील लेखक संघ के 90वें स्थापना दिवस के अवसर पर आगामी 9 अप्रैल को एक अनूठे बहुभाषी कवि सम्मेलन गोष्ठी का आयोजन करने जा रही है। संघ के अध्यक्ष सुरेश रोहरा ने इस अभिनव पहल की जानकारी देते हुए बताया कि शहर में इस तरह का बहुभाषी आयोजन पहली बार हो रहा है। उन्होंने सभी इच्छुक कवि साथियों से कविता पाठ के लिए अपना नाम और मोबाइल नंबर संगठन को भेजने का आग्रह किया है। संस्था के सचिव अरविंद पांडे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लेखक और कवि अपनी कविताएं, जो वे गोष्ठी में प्रस्तुत करना चाहते हैं, संगठन के मोबाइल नंबर पर 8 अप्रैल को शाम 4 बजे तक भेज सकते हैं। उन्होंने सम्मानित कवियों से मोबाइल नंबर 7747 920885 पर अपनी सहमति अवश्य देने का अनुरोध किया है। यह बहुभाषी कवि सम्मेलन कोरबा के साहित्यिक परिदृश्य में एक नया रंग भरने वाला साबित होगा।

### कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 20 को

**कोरबा।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए संचालित प्रयास बालक/बालिका आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 अंतर्गत कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु 20 अप्रैल को प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन किया गया है। अभ्यर्थी परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र विभाग की वेबसाइट पर जाकर अपने आवेदन क्रमांक एवं मोबाइल नंबर की सहायता से प्रवेश पत्र 20 अप्रैल तक डाउनलोड कर सकते हैं। साथ ही फॉर्म निरस्त हुए विद्यार्थी भी अपने आवेदन क्रमांक एवं मोबाइल नंबर की सहायता से आवेदन निरस्त होने के कारण जान सकते है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने इस सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थियों को परीक्षा तिथि 20 अप्रैल को प्रातः 9 बजे तक केंद्र में उपस्थित होना अनिवार्य है।

### मालामाल होने खदान में सप्लाई करता था शराब

**कोरबा।** बिहार से आकर कोयला खदान के भीतर वहां आसपास क्षेत्र में झालमुड़ी बनाकर जीवन यापन करने वाला युवक जो मोटा मुनाफा नहीं दिखा तो उसने पैसा कमाने के लिए शॉर्टकट रास्ता अपनाना शुरू कर दिया और झालमुड़ी बनाना झोड़कर जल्दी अमीर बनने की चाह में उसने खदान व उसके आसपास रहने वाले लोगों को झालमुड़ी के स्थान पर शराब पहुंचाने लगा। शुरूआती दिनों में उसका खेल चल निकला और मालामाल भी होने लगा, लेकिन उसका खेल ज्यादा दिनों तक चल नहीं पाया और पुलिस ने उसे रंगे हाथों शराब बेचते हुए धर दबोचा और उसे सलाखों के भीतर भेज दिया है। दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सुभाष नगर दीपका निवासी मनोज कुमार पांडे पिता मोहन कुमार पांडे 40 वर्ष पिछले कुछ दिनों से खदान के आसपास लोगों को शराब मुहैया करा रहा था। बताया जाता है कि वह देशी शराब दुकानों में जाकर रोज बड़े पैमाने में शराब की खरीदी करता था।

## देवराहा बाबा सेवा समिति ने पिलाई कोल्डड्रिंक

# कुमार चौक में रमदईया धाम से आए जवारा दल का किया स्वागत

***समिति के सदस्यों ने ढोल-नगाड़ों व जयकारों के साथ दल का स्वागत***

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

बैकुण्ठपुर। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर देवराहा बाबा सेवा समिति के तत्वावधान में मां रमदईया धाम से पधारे हुए ज्वारा दल का भव्य स्वागत घड़ी चौक पर किया गया। समिति के सदस्यों द्वारा श्रद्धालुओं को फल, पानी व कोल्ड ड्रिंक वितरित कर जल सेवा की गई। घड़ी चौक पर जैसे ही ज्वारा दल पहुंचा, पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। समिति के सदस्यों ने ढोल-नगाड़ों व जयकारों के साथ दल का स्वागत करते हुए मां रमदईया के जयकारे लगाए। श्रद्धालुओं की भीड़ ने उत्साहपूर्वक इस आयोजन में भाग लिया और मां रमदईया की कृपा प्राप्त करने के लिए दर्शन लाभ लिया।

सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष श्रद्धा और सेवा भाव के साथ किया जाता है, जिससे नवरात्रि के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके और लोक परंपराएं जीवंत बनी रहें। इस अवसर पर मां रमदईया धाम प्रमुख सुनील सिंह, देवराहा बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष शैलेश शिवहरे, पंडित अनिल शर्मा, अनिल खटिक, आशीष शुक्ला, सुभाष साहू, अरविंद सिंह डब्लू, अनुराग दुबे, पंचम नामदेव, घनश्याम साहू, राजेश नामदेव, रमन गुप्ता, रजनीश गुप्ता, अभय दुबे, प्रदीप तिवारी, रणधीर सोनी, बबलू महाजन, अनुराग तिवारी, गोलू सिंह, ऋषि शिवहरे, गप्पू जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


कुमार चौक में पहुंचा ज्वारा दल

### भक्ति भाव से किया गया ज्वारे का विर्सजन


निकला ज्वारा शोभायात्रा।



नगर। नगर ग्राम के हनुमान मंदिर परिसर में हनुमान सेवा समिति द्वारा स्थापित ज्वारे का भक्ति भाव के साथ विर्सजन स्थानीय तालाब में किया गया। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। ग्राम नगर में हनुमान सेवा समिति द्वारा मंदिर परिसर में वर्षों पुरानी ज्वारा स्थापना की परंपरा को जारी रखते हुए इस वर्ष भी यह आयोजन काफी ही भव्यता के साथ आयोजित किया। इस दौरान अष्ठमी को पट खुलने के साथ ही काफी संख्या में भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया। अष्टमी पूजन के बाद नवमी को विधि-विधान के साथ हवन,कन्या भोजन कराया गया। विर्सजन में माता की झॉकी को ढोल-नगाड़ों के साथ ग्राम देवालय ले जाया गया, जहां हवन-पूजन के बाद स्थानीय तालाब में विर्सजन किया गया। इस दौरान ज्वारा स्थापना से लेकर विर्सजन तक श्रद्धालुओं एवं समिति द्वारा प्रत्येक दिन भक्तों के लिए भंडारे की व्यवस्था चलती रही। आयोजन में हनुमान सेवा समिति के सदस्यों सहित ग्राम नगर, उमझर, रटगा के भक्तों का विशेष योगदान रहा।

### बरबसपुर भवानी घाट में ज्वारा विसर्जन

बरबसपुर। नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में बरबसपुर स्थित प्राचीन भवानी घाट मंदिर में 9 दिनों तक श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की गई। ग्रामवासियों और भक्तों द्वारा ज्वारा बोकर मां दुर्गा की आराधना की गई। नवमी के दिन विशेष हवन-पूजन और कन्या भोज के आयोजन के बाद मंगलवार को पूरे विधि-विधान से ज्वारा विसर्जन कर माता रानी को विदाई दी गई। इस अवसर पर भवानी घाट में भक्ति और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों, देवी गीतों और जयकारों के साथ भक्तों की टोलियां ज्वारा लेकर घाट पहुंची। महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में माताजी की आरती की और शांति व समृद्धि की कामना की। ग्रामीणों ने बताया कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और भवानी घाट माता के प्रति ग्रामवासियों की विशेष आस्था का केन्द्र है। इस आयोजन में ग्राम समिति, युवाओं और महिला मंडल का विशेष सहयोग रहा।



# न्यू लाइफ में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस



**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ इंस्टिट्यूट ऑफ नसिंग में बीएससी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर के छात्राओं द्वारा 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने के शुरूआत डब्लूएचओ के द्वारा वर्ष 1950 में हुई थी। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम हेल्थी बिगनींग होपफुल फ्यूचर (स्वस्थ्य शुरूआत आषापूर्ण भविष्य) लोगों के जीवन में अच्छे स्वास्थ्य को शामिल करके जीवन प्रत्यासा को बढ़ाना और स्वस्थ्य जीवन को बढ़ावा देना है और इसके किशोर अवस्था से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं को रोकने के लिए नए युग के युवाओं को भी इस कार्यक्रम द्वारा लक्षित किया गया है।

इस दिन का उद्देश्य लोगों को अपने भविष्य में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है, प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ रहे एवं उन्हें अच्छे इलाज की सुविधा मिल सके, गर्भवती महिआ एवं बच्चों का विकास अच्छा हो। साथ ही लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो, ताकि दुनियाभर में फैली गंभीर बीमारियों का रोकथाम किया जा सके। मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए हमें अपनी जीवन शैली में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव जैसे-संतुलित आहार-भोजन में हरी सब्जियां, अनाज, प्रोटीन युक्त आहार, पूरी नींद, योग एवं व्यायाम करना जरूरी है।

बीएससी नर्सिंग छात्र-छात्राओं द्वारा अच्छे स्वास्थ्य के नुस्खे, लाभ, योगा, तनावमुक्त जीवन, अच्छे सोच विचार, अच्छे स्वास्थ्य, वातावरण, स्वच्छ भोजन, परिवारिक स्वास्थ्य के बारे में स्वास्थ्य शिक्षा दिया गया। कार्यशाला का आयोजन असिस्टेट प्रोफेसर कौशिल्या कोर्चे एवं ट्यूटर कोमल साहू और बीएसी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर के छात्राओं द्वारा संस्था के प्राचार्य डॉ. अंजना सैम्यूल के मार्गदर्शन एवं समस्त नर्सिंग स्टाफ, नर्सिंग छात्र-छात्राओं के उपस्थिति में किया गया।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रक्तदान शिविर

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में एक वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर का आयोजन कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार किया गया, जिसकी शुरूआत चेयरमैन शैलेश जैन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अविनाश खरे की उपस्थिति में हुई। शिविर में यादव और 23 वर्षीय युवक जगदीप सिंह कोहली ने सातवीं बार रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणा का कार्य किया। केन्द्रीय चिकित्सालय मनेन्द्रगढ़ के ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. लवलेश गुप्ता ने इस अवसर पर अपना रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। उनके साथ-साथ रूपेन्द्र सिंह, सिस्टर रश्मि गुप्ता, रेडक्रॉस सोसाइटी के नोडल अधिकारी सोमेश मंडल, विधिक साक्षरता शिविर के प्रतिनिधि अंजनी यादव एवं शंकर सिंह की सक्रिय भूमिका आयोजन में रही। विश्व



कुल 11 रक्तदाताओं ने रक्तदान किए। इसमें जसपाल, रिंकेश खन्ना, विवेक जायसवाल, राजकुमार पांडेय, श्रीमती अंजनी यादव, रामनरेश पटेल, जयनारायण पांडेय, टी. विजय गोपाल राव, संजीत सिंह, जगदीप सिंह कोहली और हरीश गुप्ता शामिल रहे। विशेष उल्लेखनीय यह रहा कि रक्तदाताओं में एक महिला अंजनी स्वास्थ्य दिवस जैसे वैश्विक अवसर पर जिले के नागरिकों का यह प्रयास न केवल मानवता के लिए एक उदाहरण है बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को भी मजबूती प्रदान करता है। इस रक्तदान शिविर ने यह सिद्ध किया कि जब उद्देश्य जनसेवा हो, तो समाज के सभी वर्ग-चाहे महिला हो या युवा-एकजुट होकर आगे आते हैं।

# गेवरा खदान के डोजर में लगी आग करोड़ों की मशीन जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की गेवरा परियोजना में एक बार फिर लापरवाही भारी पड़ गई। बीते शनिवार की शाम लगभग 5:30 बजे खदान के भीतर कार्यरत डोजर नंबर 915 में अचानक आग लग गई। आगजनी के बाद डोजर ऑपरेटर ने किसी तरह डोजर से कूदकर अपनी जान बचाई। आगजनी की इस घटना में प्रबंधन को करोड़ों रुपए की क्षति की संभावना जताई जा रही है।

डोजर ऑपरेटर बालेश्वर घटना के वक्त श्रीराम शॉवेल, गणेश शॉवेल और पार्था शॉवेल के डम्पिंग क्षेत्र में कार्य कर रहा था। आग की लपटें अचानक इतनी तेजी से फैलीं कि ऑपरेटर ने किसी तरह जान बचाई और मौके से भाग निकला। हालांकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन इस हादसे ने एसईसीएल प्रबंधन की कार्यप्रणाली और मशीनों के रखरखाव (मेंटेनेंस) पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का कारण माना जा रहा है। वाहन में ईंधन लीकेज के कारण आग की लपटें और तेज हो गईं और देखते ही देखते आग ने विकराल रुप ले लिया। तत्काल इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में करोड़ों रुपए की मशीन को नुकसान पहुंचा है। यह पहला मामला नहीं है जब गेवरा खदान में करोड़ों की मशीन आग की भेंट चढ़ी हो। इससे पहले भी कई बार इस प्रकार की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय कर्मचारी और यूनियनों में इस घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त है। वे जल्द से जल्द जांच की मांग कर रहे हैं ताकि जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।


आग से जलकर खाक हुआ डोजर मशीन।

# धूमधाम से मनाया गया श्रीराम जन्मोत्सव



**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले में श्रीराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें चिरमिरी, खड़गवां, मनेन्द्रगढ़ सहित दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में भी लगातार 8 दिनों से चले जा रहे हैं। पर्व का उत्साहपूर्वक समापन हुआ। इन आयोजनों में क्षेत्रीय विधायक और प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल विशेष रूप से शामिल हुए।

दिनभर के कार्यक्रमों में रामकथा, भजन संध्या और श्रीराम के जीवन से जुड़ी विभिन्न धार्मिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर इलाके के लोग बड़े उत्साह और श्रद्धा से श्रीराम के जन्म का पर्व मनाने में शामिल हुए और यह दिन धार्मिकता एवं एकता का प्रतीक बन गया। राम जन्मोत्सव के इस आयोजन ने पूरे जिले में धार्मिक माहौल को प्रगाढ़ किया और सभी समुदायों के लोगों को एकजुट करने का काम किया। शोभा यात्रा में शामिल हुए। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि हम सभी आज यहां एकत्रित हुए हैं, ताकि हम श्रीराम के जन्मोत्सव को धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाएं। श्रीराम का जीवन हमारे लिए एक आदर्श है। उनका धर्म, उनका सत्य, उनका त्याग और उनका समर्पण हमें सिखाता है कि कैसे हमें अपने जीवन को पवित्र बनाना चाहिए। श्रीराम का जन्म केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि यह हमारे जीवन में हर एक व्यक्ति को नैतिकता, सम्मान और साहस का मार्ग दिखाने वाला एक प्रेरणा स्त्रोत है। हम सभी को उनके आदर्शों को अपनाने की कोशिश करनी चाहिए, ताकि हम अपने समाज और देश को बेहतर बना सकें। आज के इस पावन अवसर पर हम सभी ने एकजुट होकर न सिर्फ राम जन्म का उत्सव मनाया है, बल्कि समाज में एकता, भाईचारे और प्रेम का संदेश भी दिया है। मुझे गर्व है कि इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने का अवसर प्राप्त हुआ। मैं आशा करता हूं कि हम सभी मिलकर श्रीराम के आदर्शों पर चलकर अपने जीवन को और अधिक श्रेष्ठ बना सकें।

### रिक्त पद में भर्ती हेतु दावा आपत्ति 11 तक

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना चोटिया के आंगनबाड़ी सहायिका रिक्त पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसकी जांच एवं परीक्षण उपरांत पोड़ी उपरोड़ा की सूचना पटल पर अवलोकन हेतु चस्पा किया गया है।




## पृष्ठ 1 का शेष

### बैकुंठपुर-मनेन्द्रगढ़ हाइवे...

सड़क के किनारे की जमीन कमजोर हो चुकी है, इससे कई पेड़ झुक गए हैं। इनकी जड़े बाहर आ गई हैं और यह कभी भी गिर सकते हैं। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में बड़ी दुर्घटनाएं हो सकती हैं। कुल मिलाकर जामदुआरी जंगल के पेड़ और भू-स्खलन का खतरा हजारों लोगों की जान जोखिम में डाल रहा है। अगर समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो यह गंभीर हादसों का कारण बन सकता है। प्रशासन को चाहिए कि जल्द से जल्द ठोस कदम उठाए और इस समस्या का स्थायी समाधान निकाले।

### तीन करोड़ की...

हैंडल करने वाला स्वास्थ्य संस्थान रहा है। बावजूद इसके कांग्रेस सरकार ने इसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा नहीं दिया। अब नवीन भवन निर्माण के साथ खड़गवां में ओटी, स्त्री रोग विशेषज्ञ, डायलिसिस, ईसीजी सहित पांच प्रमुख चिकित्सा सुविधाएं शुरू की जाएंगी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से जिला एमसीबी सीएमओ अविनाश खरे, बीएमओ एस. कुजूर, बीपीएम राजकुमार राजवाड़े, बलभद्र सिंह, शंकर सिंह सहित अन्य स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे। वहीं शिक्षा विभाग से खंड शिक्षाधिकारी बलविंदर सिंह एवं एबीईओ विजय पांडेय उपस्थित रहे। मंच संचालन जितेन्द्र सिंह के द्वारा किया गया।

### विधायक बोले-मूलभूत...

जैसे प्रमुख स्थानों के विकास की आवश्यकता पर बल दिया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के कार्य योजना में राशि प्रावधान किया है। बैठक में शासी परिषद के सदस्यों ने जिले के विकास के लिए विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी और कामकाजी योजना को अंतिम रूप दिया। बैठक में अपर कलेक्टर एवं जिला खनिज न्यास संस्थान के नोडल अधिकारी डीडी मंडावी ने आभार प्रकट किया इस बैठक में काफी संख्या में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।

## राज्य सरकार के बजट में नहीं हुआ शामिल

# संतरेगा में आयुष टूरिज्म पर लगा ब्रेक

**कोरबा।** आयुर्वेद विभाग की संतरेगा में केरल की तर्ज पर आयुष टूरिज्म तैयार करने की योजना पर फिलहाल ब्रेक लग गया है। राज्य सरकार द्वारा विभाग के इस प्रस्ताव को बजट में शामिल नहीं किया गया है। इस योजना अंतर्गत पर्यटन केंद्र सतरेंगा में आयुष डिस्पेंसरी निर्माण के साथ यहां आने वाले पर्यटकों को आयुर्वेद उपचार की सुविधा मिलती।

जिले में पर्यटन क्षेत्रों को विकसित करने के लिए तैयार की गई मूलभूत योजनाओं के तहत तमाम तरह के सौदर्यीकरण के कार्य किए गए। इनमें सतरेंगा को जिले का सबसे बेहतरीन और विकसित पर्यटन केंद्र के रुप में तैयार किया गया। जहां प्रतिवर्ष आने वाले सैलानियों की संख्या बढ़ती जा रही है। जिले के बाहर से भी दूर दराज के पर्यटक पहुंच रहे हैं इन्हीं पर्यटकों को आयुर्वेदिक उपचार उपलब्ध कराने के साथ साथ आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों के प्रोजेक्ट बनाने और पर्यटकों को इससे अवगत कराने के लिए इसके लिए आयुर्वेद विभाग ने एक प्रस्ताव तैयार किया था। इस प्रस्ताव के तहत केरल के तर्ज पर आयुष टूरिज्म योजना बनी थी। विभाग के इस प्रस्ताव के अंतर्गत एक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना था जो पूरी तरह लकड़ी का बनाया जाना था। विभाग के इस प्रस्ताव को लेकर जिला प्रशासन ने भी तैयारी की थी किंतु फिलहाल इस प्रस्ताव को राज्य स्तर से ही अनुमति नहीं मिली और बजट में भी राशि स्वीकृत नहीं हुई। काफी खर्चिला होने के कारण फिलहाल योजना में ब्रेक लग गया है।



### ये सुविधाएं रहतीं उपलब्ध

सतरेंगा टूरिज्म केंद्र में जिस तरह से वन विभाग ने कॉटेज तैयार किया है जो पर्यटकों को ठहरने की सुविधा देते हैं उन्हीं पर्यटकों को आयुर्वेद उपचार की सुविधा के तहत लकड़ी के इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना था। लकड़ी के इस इंफ्रास्ट्रक्चर में अलग अलग कक्ष तैयार होते जिनमें पंचकर्म यूनिट, ओपीडी कक्ष, फिजियोथैरेपी जैसी सुविधाएं रहतीं। यह प्रस्ताव पहली बार जिले में तैयार हुआ था।

